2018

HINDI

(Major)

Paper : 5.3

(Hindi Ka Natak Sahitya)

Full Marks : 60

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×7=7

(क) भारतेन्दु हरिश्चंद्र के किसी एक नाटक का नाम लिखिए।

(ख) 'ध्रुवस्वामिनी' नाटक के नाटककार का नाम लिखिए।

(ग) 'आधी रात' नाटक के नाटककार कौन हैं?

(घ) हरिकृष्ण 'प्रेमी' ने मूलतः किस प्रकार के नाटक लिखे थे?

(ङ) 'अजातशत्रु' शब्द का अर्थ क्या है?

(च) नाटक और एकांकी में निहित कोई दो मूल अंतर लिखिए।

(छ) 'पारसी थियेटर' **अथवा** 'पारसी रंगमंच' की किसी एक विशेषता का उल्लेख कीजिए।

2. निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×4=8

(क) अजातशत्रु अपने पिताजी के दुर्बल चरणों को क्यों सिंहासन समझता था?

(ख) 'आषाढ़ का एक दिन' की मल्लिका की दो विशेषताएँ लिखिए।

(ग) अम्बिका क्यों कालिदास से नाराज थी? दो प्रमुख कारण बताइए।

(घ) नाटककार मातुल के चरित्र के माध्यम से क्या कहना चाहते थे?

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के संक्षेप में उत्तर दीजिए : 5×3=15

(क) 'अजातशत्रु' नाटक की अनभिनेयता के पक्ष में पाँच कारण प्रस्तुत कीजिए।

(ख) "यदि पुरुष इन कामों को कर सकता है तो स्त्रियाँ क्यों न करें? क्या उन्हें अंतःकरण नहीं है? क्या स्त्रियाँ अपना कुछ अस्तित्व नहीं रखतीं? क्या उनका जन्म-सिद्ध कोई अधिकार नहीं?" यहाँ नाटककार क्या कहना चाहते हैं, स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'अजातशत्रु' की मल्लिका के चरित्र की कोई पाँच विशेषताएँ लिखिए।

(घ) लक्ष्मीनारायण मिश्र जी की नाट्य-शैली पर सम्यक् प्रकाश डालिए।

(ङ) 'आषाढ़ का एक दिन' नाटक के अंत में कालिदास क्यों मल्लिका से कुछ कहे बिना भागता है?

4. निम्नलिखित प्रसंग की व्याख्या कीजिए : 10

काल्पनिक रूप के परिवर्तन की इच्छा मुझे इतनी विषमता में ले आई। अपनी परिस्थिति को संयत न रखकर व्यर्थ महत्त्व का ढोंग मेरे हृदय ने किया, काल्पनिक सुख-लिप्सा ही में पड़ी—उसी का यह परिणाम है।

अथवा

यह मेरे अभाव की संतान है। जो भाव तुम थे, वह दूसरा नहीं हो सका; परंतु अभाव के कोष्ठ में किसी दूसरे की जाने कितनी-कितनी आकृतियाँ...।

5. " 'अजातशत्रु' नाटक में खल पात्र को नायक बना दिया है।" इस उक्ति के पक्ष या विपक्ष में अपना तर्क दीजिए। 10

अथवा

'आषाढ़ का एक दिन' नाटक के उद्देश्य को स्पष्ट कीजिए।

6. मोहन राकेश के 'आषाढ़ का एक दिन' की संवाद-योजना की विशेषताएँ क्या-क्या हैं, स्पष्ट कीजिए। 10

अथवा

'अजातशत्रु' नाटक के नामकरण की सार्थकता पर विचार कीजिए।

★★★